दिनांक 6 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जल स्रोतों में न मिले गंदा पानी व कचरा इसलिए नालों में लगाई जा रही है जाली ,

निगमायुक्त एस.के. सुंदरानी ने दिए इसके निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर जिन क्षेत्रों मे नालों एवं नाली से होकर जाने वाले पानी जो कि तालाब आदि जल स्रोतों में जाकर सम्मिलित होते हैं वैसे स्रोतों से आने वाले नालियों में बहने वाले कचरे जैसे -लकड़ियों के टुकड़े, पॉलीथिन एवं इससे बने सामग्री , डिस्पोजल, पन्नी आदि कचरा को रोकने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर विशेष प्रकार के विकल्प जैसे-जाली लगाने का कार्य अपनाते हुए कचरे को रोकने की व्यवस्था की जा रही है , जिसका उद्देश्य यह है कि इस प्रकार के कचरे को आसानी से निकाला जा सके साथ ही इस प्रकार के माध्यमों से जल स्रोतों तालाबों में कचरा एकत्रित न हो इस बाबत् कल ही निगम आयुक्त द्वारा कैंप 2 तालाब का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को जाली लगाने निर्देशित भी किया गया था।

निगमायुक्त सुंदरानी ने निगम भिलाई के समस्त जोन आयुक्त को आगामी बारिश को देखते हुए नाली, नाला, नहर की विस्तृत सफाई करने के निर्देश दिए हुए हैं ताकि जल प्रवाह आसानी से हो। इसी तारतम्य में जोन क्षेत्र में सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई भी की जा रही है स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ ही इनके विशेष टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''